हडको/सीएस/एसई/ 2024 26 फरवरी, 2024

लिस्टिंग विभाग
बीएसई लिमिटेड
फ़िरोज़ जीजीभॉय टावर्स
दलाल स्ट्रीट
मुंबई- 400001
स्क्रिप कोड- 540530

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाज़ा, सी -1 , ब्लॉक जी,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई - 400051
एनएसई सिम्बल- हडको

**विषय: कॉर्पोरेट प्रकटीकरण - श्री विकास गोयल की हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्ति**

महोदय/महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के विनियम 30 के तहत कॉर्पोरेट प्रकटीकरण आवश्यकता के अनुरूप, हम सूचित करना चाहते हैं कि:

निदेशक मंडल ने सोमवार, 26 फरवरी, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में श्री रत्न प्रकाश, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी के स्थान पर श्री विकास गोयल (सदस्यता संख्या एफसीएस-6671) को हुडको के कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी (मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 203 के प्रावधानों के अनुपालन में और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 6 के अनुपालन में तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

श्री विकास गोयल (आयु 42 वर्ष) वाणिज्य में स्नातक हैं और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के फेलो सदस्य हैं। उनके पास विधि में स्नातक की डिग्री भी है और उन्होंने इन्सोल्वेंसी एंड बैंकरप्सि बोर्ड ऑफ इंडिया की लिमिटेड इन्सोल्वेंसी परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।

उनके पास 19 वर्षों से अधिक का अनुभव है जिसमें कंपनी सचिवीय संचालन, अनुपालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव है। लिस्टिंग अनुपालन, इनसाइडर ट्रेडिंग अनुपालन और आईईपीएफ से संबंधित गतिविधियों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सेबी विनियमों के तहत विभिन्न नीतियों को तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे कंपनी अधिनियम और सेबी विनियमों के कई विषयों पर आईसीएसआई और अन्य मंचों के विभिन्न अध्यायों में कई सेमिनारों/वेबिनार में वक्ता के रूप में भी उपस्थित हुए हैं।

कंपनी सचिव के रूप में, श्री विकास गोयल कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015, अन्य विनियमों और नियमों, संशोधनों और किसी भी अन्य के अनुसार हडको के कंपनी सचिव के कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।

उपरोक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.hudco.org.in पर भी उपलब्ध है।

यह आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद

भवदीय

फॉर हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

एम.नागराज

निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग)